## Founder's Message

Image

**M. Ravee**

Founder
CAREER without BARRIER

कॅरियर विदाउट बैरियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत भी अजीब सी परिस्थितियों की वजह से वर्ष 2006 या उससे पहले हुई, उसी दौरान इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले पाँच (5) स्टूडेंट्स, जो कि काकादेव कानपुर स्थित कोचिंग मण्डी में कम फीस के प्रलोभन में कुछ दलालों व स्तरहीन कोचिंग संस्थानों के मकड़जाल में फँस गए थे, जिन्हें तय फीस जमा होने के बाद भी उनसे और अधिक अनुचित फीस की मांग करते हुए कक्षाओं से निष्काषित किया जा चुका था।

जिस कारण दूसरे शहर से आये वे स्टूडेंट्स दोराहे पर खड़े थे, किसी माध्यम से उन स्टूडेंट्स ने अपनी समस्या मुझको बताई, तत्पश्चात मैंने अपनी ओर से कुछ आर्थिक सहायता और प्रयास से न सिर्फ उन बच्चों की लगभग पूरी फीस उक्त संस्थानों से वापिस करायी बल्कि उनका एडमिशन दूसरे बेहतरीन कोचिंग संस्थानों में कराया, इन नए संस्थानों ने भी मेरे निःस्वार्थ प्रयास से प्रभावित होकर अपनी फीस में काफी छूट प्रदान की, व अभी भी हमारे स्टूडेंट्स को अच्छी खासी छूट प्रदान कर रहे हैं।

इस प्रयास से उन 5 बच्चों में से 2 बच्चों का चयन इंजीनियरिंग के बेहतरीन संस्थान IIT में हुआ जिससे उत्साहित होकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु बच्चों के मार्गदर्शन, सहायता व संख्या का यह क्रम बढ़ता ही गया, इतने वर्षों पहले की एक छोटी सी कोशिश, आज कुछ बुद्धिजीवी, व महान लोगों के सहयोग एवं परामर्श से कॅरियर विदाउट बैरियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम लोगों में अत्यन्त लोकप्रिय हैं । जिसके माध्यम से अब तक 1100+ से ज़्यादा मेधावी व आर्थिक रूप से कमज़ोर स्टूडेंट्स अपनी मंजिल पा चुके हैं । हमारी इस कोशिश में कुछ असाधारण व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं/ स्कूल प्रबंधन तथा कोचिंग संस्थानों के उल्लेखनीय योगदान एवं परामर्श भी समाहित है ।

इसी उद्देश्य से कॅरियर विदाउट बैरियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम का विगत 15 वर्षों (वर्ष 2008) से आयोजन किया जा रहा था, परन्तु COVID-19 जैसी विश्वस्तरीय महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण जनवरी 2020 से जून 2023 तक कॅरियर विदाउट बैरियर स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन नहीं किया जा सका । हमें विश्वास है, कि इन 3-4 वर्षों पश्चात् हम पुनःअपने इस सामाजिक दायित्व से समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं की शिक्षा / रोजगार में आंशिक ही सही पर कुछ तो योगदान कर सकेंगे ।

कॅरियर विदाउट बैरियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत मेधावियों को नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान इत्यादि राज्यों के 120 से अधिक कोचिंग सेंटर्स में (100% Free) बिल्कुल फ्री कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है, भले ही उनकी धार्मिक, वैचारिक, सामाजिक या क्षेत्रीय पृष्ठभूमि कैसी / कुछ भी हो।

हमारे द्वारा उपलब्ध फॉर्म की संख्या सीमित है, जिसमें से 50% फॉर्म बिलकुल फ्री वितरित किये जाते हैं । फ्री फॉर्म का वितरण उपयुक्त लोगों को हो, इसलिए हम स्वयं अपने टीम मेंबर्स के साथ प्रत्येक जिले/शहरों (कस्बों व तहसील) के पात्र लोगों को घर-घर फ्री फॉर्म का वितरण करते हैं, साथ ही कोचिंग संस्थान/ सामाजिक संस्थान/ वॉलेंटियर्स के माध्यम से भी फ्री फॉर्म का वितरण सुनिश्चित करते हैं, तथा प्रत्येक जिले/शहरों की 3-4 कोचिंग संस्थान को निःशुल्क अपग्रेड भी कराते हैं ताकि वहां के बच्चों को बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके ।

हम अपने उद्देश्य के प्रति अत्यंत गम्भीर एवं निरंतर प्रयासरत हैं, इस कार्य में आपका सहयोग एवं विश्वास अपेक्षित है।

*M. Ravee*

Windows.

Type here to search

ENG 9:49 PM 7/4/2024